Swami Shraddhanand College Celebrates Golden Jubilee

Dr P V Khatri
Officiating Principal

दिल्ली : 50 वर्ष का हुआ स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ।

March 7, 2017 6:50 pm

दिल्ली यूनिवर्सिटी का स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज मना रहा है अपना 50वा वार्षिक उत्सव ! तीन दिनों तक कॉलेज परिसर में चलेंगे रंगा रंग कार्यक्रम ! भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्रियों सहित कई गणमान्य हुए उद्घाटन समारोह में शामिल ! मंत्री जी को याद आये अपने कॉलेज के पुराने दिन ! दीप प्रज्वलन के साथ कि गयी उद्घाटन समारोह कि शुरुवात ! कॉलेज प्रांगण में अलग अलग विभागों ने लगाईं पर्दर्शनी ! कॉलेज के छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किये मनमोहक कार्यक्रम !

किसी दुल्हन कि तरह सजे हुए दिल्ली यूनिवर्सिटी के स्वामी श्रधानंद कॉलेज कि छटा आज देखते ही बनती थी , क्योंकि आज यह अपना पचासवां स्थापना दिवस जो मना रहा है ! इस कार्यक्रम के साक्षी बनने के लिए केंद्र सरकार के दो दो राज्य मंत्री और दिल्ली सरकार के पूर्व अध्यक्ष समेत कई गणमान्य पहुंचे थे ! केंद्रीय राज्य मंत्री विजय गोयल ने संबोधित करते हुए अपने कॉलेज के पुराने दिनों कि यादों को तारो ताज़ा किया और उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का पूर्ण आनंद लिया !राजस्थान से राज्य सभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री सी आर चौधरी ने भी स्वामी श्रधानंद कॉलेज को उसके 50वे स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि अब 50 साल पूरे होने के बाद एक बार फिर यह देखने कि आवश्यकता महसूस होती है कि इस कॉलेज में किस तरह के बदलावों कि ज़रुरत है ! साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया !दिल्ली कि कांग्रेस सरकार में मंत्री और दिल्ली विधानसभा के स्पीकर रहे योगानन्द शास्त्री ने भी माना कि ग्रामीण इलाका होने के बावजूद कालेज में सुविधाएँ पहले से काफी बेहतर हैं ! साथ ही साथ वो ये कहने से भी नही चूके कि दिल्ली में कांग्रेस समेत कोई भी सरकार बेशक रही हो मगर ग्रामीण इलाका हमेशा उपेक्षित ही रहा ! अगर सरकारें इमानदारी से ग्रामीण इलाकों में उनके हक का विकास करवा पाती तो आज सिथति कुछ और ही होती !कालेज के प्रिंसिपल डॉ प्रकाशवीर खत्री के नेत्रत्व में आज यह कालेज अपनी पचासवीं वर्ष गाँठ मना रहा है ! ग्रामीण इलाके के रहने वाले और ग्रामीण इलाके में ही पढ़े डॉ प्रकाशवीर खत्री इस कालेज के महत्त्व को अच्छे से समझते हैं उन्होंने भी इस अवसर पर सबको बधाई दी !फिलहाल कालेज में आगामी तीन दिनों तक यह उत्सव का माहोल कायम रहेगा ! सभी विभागों के छात्र छात्राएं अपने अपने स्टालों के जरिये भी अपनी प्रतिभाओं का जलवा बिखेरते नजर आयेंगे !

केमरामेन राजकुमार के साथ दीपिका राय ,, आपकी चोपाल न्यूज़ ,दिल्ली www.aapkichopal.com

Golden Jubilee Year Celebrations   Swami Shraddhanand College

DU alumnus Vijay Goel , MoS Youth Affairs and Sports   MCom 1977 SRCC   LLB 1981   CLC
was Chief Guest of the event

“Shraddha Tarang” 6 – 8 March 2017